आकाशवाणी चंडीगढ़

19 मई 2025, समय 1810

समाचार-----

1. केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा।

2. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पानीपत जिले के समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया।

3. मुख्यमंत्री ने कहा कि जासूसी के आरोप में पकड़े जा रहे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

4. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिन्धु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में 20 करोड़ लागत की तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

5. और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

6. हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में मोहम्मद तारीफ नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

------------

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी

उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे।

श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा-

श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार है और देश की लगभग आधी आबादी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है तथा कृषि क्षेत्र देश की खाद्य सुरक्षा की नींव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत जैसा महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि देश के खाद्यान्न उत्पादन में लगातार वृद्धि हो रही है।

**************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पानीपत जिले के समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया।
इस अवसर पर उन्होंने कहा -

मुख्यमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे इस केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने दैनिक जीवन में योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें।

उन्होंने कहा कि यह केंद्र ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की।

राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर जासूसी के आरोप में पकड़े जा रहे लोगों के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज सिन्धु घाटी सभ्यता के ऐतिहासिक स्थल राखीगढ़ी में स्थापित संग्रहालय एवं व्याख्यान केंद्र में 20 करोड़ लागत की तीन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन में विश्रामगृह, छात्रावास तथा कैफेटेरिया शामिल हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्राम गृह, कैफेटरिया तथा हॉस्टल बनने से देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों तथा विद्यार्थियों को यहाँ शानदार सुविधाएं मिलेंगी।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री ने आईकोनिक स्थल राखीगढ़ी पर तैयार की गई पुस्तिका का भी विमोचन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। यहां खुदाई के दौरान अब तक प्राप्त हड़प्पा कालीन वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है ।

मुख्यमंत्री तथा केंद्रीय मंत्री ने राखीगढ़ी के विकास को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की और राखीगढ़ी को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तैयार की जा रही कार्ययोजना की समीक्षा की।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा -

उन्होंने कहा कि इसे विभिन्न चरणों में पूरा किया जा रहा है।

*********************************************************

हरियाणा पुलिस और केंद्रीय जांच एजेंसियों ने नूंह जिले में पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में तावडू उपमंडल के गांव कांगरका से मोहम्मद तारीफ नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार यह गिरफ्तारी दो दिन पहले राजाका गांव से अरमान की जासूसी के आरोप में हुई गिरफ्तारी के बाद हुई है। तारीफ पर आरोप है कि वह व्हाट्सएप के जरिए भारतीय सैन्य गतिविधियों से जुड़ी गोपनीय जानकारी दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात दो कर्मचारियों को उपलब्ध करा रहा था। मामले में नूह पुलिस ने गोपनीयता कानून और देशद्रोह की धाराओं के तहत मोहम्मद तारीफ और पाकिस्तान उच्च आयोग में तैनात पाकिस्तानी नागरिक आसिफ बलोच और जाफर के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार उसे चंडीगढ़ विशेष पुलिस बल और केंद्रीय जांच एजेंसी ने तावडू अपराध जांच शाखा और पुलिस की मदद से गांव बावला में राधा स्वामी सत्संग के समीप से कल देर शाम हिरासत में लिया गया।

हिरासत में लेने से पहले पुलिस टीम को सामने देख तारीफ ने अपने मोबाइल में कुछ चैटिंग को डिलीट करने का भी प्रयास किया । जांच में सामने आया कि उसके मोबाइल में पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबर थे जबकि कुछ डाटा डिलीट कर दिया गया है।

************************************************************

हरियाणा के लोक निमार्ण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा पंजाब के पानी की एक बूंद भी नहीं मांग रहा केवल अपने हिस्से का पानी मांग रहा है। पानी को रोककर पंजाब सरकार अच्छा नहीं कर रही।
आज जींद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा -

कैबिनेट मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि पंजाब की आप सरकार राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि यह पानी बशर्ते पाकिस्तान की तरफ चला जाए लेकिन उन्हें हरियाणा को पानी देना स्वीकार नहीं है। जो कि गलत हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो देश को नारा दिया है कि हर घर जल हर घर नल उसे पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और उस पर निरंतर कार्य किया जा रहा है ।

**************************************************************

नूंह के पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा है कि जिले को अपराध मुक्त करने के लिए भरसक प्रयास किए जाएंगे।

आज जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी व अन्य कर्मचारियों की बैठक लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने उनसे थाने या कार्यालय में आने वाले किसी भी आमजन व शिकायतकर्ता से सभ्य तरीके से पेश आने की हिदायत की। साथ ही अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिक व अन्य देशों से आए लोगों पर निगरानी रखने बारे भी निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, साईबर अपराध, नशा, गौकशी, अवैध खनन ऑवरलोड वाहन, वाहन चोरी पर अंकुश लगाने सहित अपराध की रोकथाम उनकी प्राथमिकता रहेगी । ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भी पुलिस प्रशासन की तरफ से हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**************************************************************